भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **3506** जिसका उत्तर
मंगलवार, 1 **अप्रैल**, 2025 (**11 चैत्र**, 1947 (शक)) को दिया जाना है

20 वीं समुद्री राज्य विकास परिषद की बैठक

3506 श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डी :

क्या पत्तन पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या 20 वीं समुद्री राज्य विकास परिषद की बैठक हाल ही में गोवा में आयोजित हुई थी, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या बैठक का मुख्य परिणाम तटीय राज्यों में प्रमुख पोत निर्माण पार्क स्थापित करना है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या आंध्र प्रदेश में, जहां लगभग 1,000 किलोमीटर की विशाल तटरेखा है, एक प्रमुख पोत निर्माण पार्क स्थापित करने की कोई योजना है;

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) उक्त बैठक में उठाए गए और हल किए गए महत्वपूर्ण मुद्दों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) और (ख): जी हां, माननीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री की अध्यक्षता में 13 सितंबर, 2024 को गोवा में समुद्री राज्य विकास परिषद की 20वीं बैठक आयोजित की गई थी। कार्य सूची की मदों में से एक "पोत निर्माण और पोत मरम्मत क्लस्टर को बढ़ावा देना" था। राज्य सरकारों को राज्य स्तरीय नीतिगत रूप रेखा बनाने का सुझाव दिया गया था ताकि पोत निर्माण परिस्थितिकी तंत्र के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान, भूमि अधिग्रहण एवं विकास करने हेतु पूर्व- व्यवहार्यता अध्ययन को सुविधाजनक बनाकर पोत निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को प्रोत्साहित किया जा सके।

(ग) और (घ): पोत निर्माण और पोत मरम्मत क्लस्टरों (समूहों) के संबंध में, आंध्र प्रदेश समुद्र बोर्ड ने पोत निर्माण निवेशों के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओवाई) प्रकाशित की है जिसने प्रमुख पोत निर्माताओं की अभिरुचि को आकर्षित किया।

(ङ): बैठक के दौरान, विभिन्न राज्यों से अनेक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया और उनमें से कई का समाधान किया गया। अनेक नई एवं उभरती हुई चुनौतियों पर भी विचार-विमर्श किया गया जिनमें सुरक्षा बढ़ाने के लिए विपत्ति में पड़े पोतों के लिए शरण स्थलों (पीओआर) की स्थापना करना, पत्तनों पर रेडियो एक्टिव डिटेक्शन उपकरण (आरडीई) अवसंरचना का विकास करना शामिल है।

****